## न्यूज डायरी



### शर्मनाकः राष्ट्रपति ने बताया कोरोना मरीज का नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। इंडोनेशिया में कोरोना वायरस की चपेट में 12 हजार से ज्यादा लोग आ चुके हैं और 900 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, देश में जिस तरह कोरोना वायरस के पहले दो मामलों का खुलासा किया गया था, उन मरीजों की जिंदगी पर इसका गहरा पड़ा। सीता यासुतामी और उनकी मां मारिया अपने कोरोना वायरस टेस्ट के नतीजों का अभी इंतजार ही कर रही थीं कि टेलिविजन पर देश के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने ऐलान कर दिया कि देश में कोरोना के पहले 2 केस पाए गए हैं। जब मां–बेटी को यह पता चला कि राष्ट्रपति उनकी ही बात कर रहे हैं तो उनके पैरों के नीचे से जमीन सरक गई। पेशे से डांसर सीता ने फरवरी के महीने में एक इवेंट अटेंड किया था जिसके बाद जुखाम के लक्षणों के साथ उनकी तबीयत खराब होने लगी थी। कुछ दिन बाद ही उनकी मां की तबीयत भी खराब हो गई।

### शारजाह की मल्टिस्टोरी बिल्डिंग में भीषण आग, बचाव कार्य जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह की एक मल्टिस्टोरी बिल्डिंग में मंगलवार देर रात भीषण आग लग गई। यह हादसा अल नहदा इलाके में हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिल्डिंग के सभी निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। राहत और बचाव कार्य अभी जारी है। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार अल नहदा इलाके की ऐब्को टावर इमारत में यह हादसा हुआ। इसमें पार्किंग के अलावा 47 फ्लोर हैं। अग्निशमन गाड़ियों ने फौरन मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में ले लिया। आग बुझाए जाने का काम अभी जारी है। यहां आग किस वजह से लगी, इसका पता नहीं चल सका है। लोकल मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ताज बेंगलुरु रेस्टॉरेंट के बगल वाली बिल्डिंग में यह हादसा हुआ। हादसे में अभी तक किसी जान–माल के नुकसान की खबर नहीं है।

### दक्षिण चीन सागर में चीन कर रहा है आक्रामक व्यवहारः अमेरिकी रक्षा मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने मंगलवार को कहा कि चीन की सेना दक्षिण चीन सागर में आक्रामक रूख अपना रही है और 'चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी' ने कोरोना वायरस को लेकर उस पर लग रहे आरोपों से ध्यान भटकाने और अपनी छवि को सुधारने के लिए झूठी सूचनाएं फैलाने का अभियान तेज कर दिया है। एस्पर ने पेंटागन में संवाददाता सम्मेलन में कहा, चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी' ने आरोपों से ध्यान भटकाने और अपनी छवि सुधारने के लिए गलत सूचनाएं फैलाने का अपना अभियान तेज कर दिया है। इसके साथ ही हम दक्षिण चीन सागर में पीएलए का आक्रामक व्यवहार लगातार देख रहे हैं। फिलीपीन के नौसैन्य पोत को धमकाने, मछलियां पकड़ने वाली वियतनाम की नौका डुबाने और अन्य देशों को अपतटीय तेल एवं गैस संबंधी गतिविधियों को लेकर डराने–धमकाने के मामले इसी व्यवहार को दर्शाते हैं।'

### कोरोना वायरस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले से दुनिया हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका कोरोना वायरस के खिलाफ जंग जीत रहा है और जल्द ही वाइट हाउस में बनाए गए कोरोना वायरस टास्क फोर्स को भंग कर दिया जाएगा। इस बीच अमेरिका के उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा है कि आने वाले कुछ ही सप्ताह में इस टास्क फोर्स को भंग कर दिया जाएगा। ट्रंप ने यह ऐलान ऐसे समय पर किया है जब अमेरिका में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 72 हजार को पार कर गई है। ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि देश में कोरोना वायरस का प्रकोप कम हो रहा है और यह युद्ध अब अगले चरण में पहुंच गया है जो है देश को बहुत ही सुरक्षित, चरणबद्ध तरीके से तथा धीरे–धीरे फिर से खोलना।

# मलेरिया की दवा को लेकर घिरे डोनाल्ड ट्रंप

**आरोप**

## ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान में 'बिना जांच की गई फैक्ट्रियों से दवा मंगाई

■ट्रंप ने आयात पर अमेरिका में डॉक्टरों की चिंताओं को नजरअंदाज किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



वॉशिंगटन। अमेरिका के एक बर्खास्त वैज्ञानिक ने आरोप लगाया कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने चिंताओं को नजरअंदाज करके भारत और पाकिस्तान में 'बिना जांच की गई फैक्ट्रियों से मलेरिया रोधी हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन दवा मंगाई। ट्रंप ने आयात पर अमेरिका में डॉक्टरों की चिंताओं को नजरअंदाज किया और देश को 'अप्रमाणित और संभावित रूप से खतरनाक' मलेरिया रोधी दवा से भर दिया।

व्हिसलब्लोअर्स की सुरक्षा संबंधी कार्यालय यूएस ऑफिस आफ स्पेशल काउंसेल के समक्ष मंगलवार को की शिकायत में रिक ब्राइट ने यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग के शीर्ष अधिकारियों ने खासतौर से हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन जैसी दवाइयां और निजी सुरक्षा उपकरण के संबंध में उनके और अन्य लोगों के संदेशों को बार–बार नजरअंदाज किया। जब ब्राइट को बर्खास्त किया गया था तब वह स्वास्थ्य और मानव सेवा (एचएचएस) विभाग के साथ काम करने वाली अनुसंधान एजेंसी बायोमेडिकल एडवांस्ड रिसर्च एंड डिवलेपमेंट एजेंसी के प्रमुख थे। शिकायत में कहा गया है, 'डॉ. ब्राइट पाकिस्तान और भारत से दवा के आयात को लेकर अत्यधिक चिंतित थे क्योंकि एफडीए ने दवा या उसे बनाने वाली फैक्ट्री का निरीक्षण नहीं किया था।'

**हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन की पांच करोड़ गोलियों का आयातः** इसमें आरोप लगाया गया है कि जिन कारखानों की जांच नहीं हुई है वहां बनने वाली ये दवाएं मिलावटी हो सकती हैं और यह दवा को लेने वाले लोगों के लिए खतरनाक बात हो सकती है। ट्रंप प्रशासन ने मलेरिया के इलाज में दशकों से इस्तेमाल होती आ रही दवा हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन की करीब पांच करोड़ गोलियों का आयात किया था जिसे मार्च में अमेरिकी खाद्य एवं औषध प्रशासन (एफडीए) से आपात इस्तेमाल की मंजूरी मिली थी।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि ट्रंप प्रशासन ब्राइट और उनके विभाग की बात सुनने का इच्छुक नहीं था। ब्राइट ने आरोप लगाया कि उन्हें इसलिए बर्खास्त किया गया क्योंकि उन्होंने कोरोना वायरस संकट से निपटने के लिए 'सुरक्षित और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित' समाधानों पर निधि खर्च करने पर जोर दिया न कि ऐसी 'दवाओं, टीकों और अन्य तकनीकों पर' जो वैज्ञानिक मानकों पर खरे नहीं उतरते।

कोरोना वायरस वैश्विक महामारी से अमेरिका में 70,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 12 लाख से अधिक लोग इससे संक्रमित पाए गए हैं।

## कोरोना संकट के बीच पाक ने घटाए पेट्रोल के दाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कोरोना वायरस महासंकट से बेहाल चल रहे पाकिस्तान में इमरान खान सरकार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही है और आईएमएफ से लेकर विदेशों में बस चुके पाकिस्तानी लोगों से मदद की गुहार लगा रही है। इस बीच पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में 15 रुपये और डीजल की कीमतों में 27 रुपये की भारी कटौती की है। इमरान सरकार ने यह फैसला ऐसे समय पर लिया है जब कोरोना महामारी से बेहाल और माना जा रहा है कि आवाम का गुस्सा कम करने के लिए पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला लिया है। दुनिया में तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बाद भी कमाई के चक्कर में दाम कम नहीं करने वाले इमरान खान नियाजी ने अचानक पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी कमी का ऐलान कर दिया। पाकिस्तान में पेट्रोल के दाम में 15 रुपये की कमी की गई है।

पाकिस्तान में बुधवार को एक लीटर पेट्रोल 80 पाकिस्तानी रुपये में मिल रहा है। इससे पहले पाकिस्तान के तेल और गैस नियामक प्राधिकरण ने पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में कमी करने का सुझाव दिया था। प्राधिकरण के सुझाव पर इमरान सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में 15 रुपये की कमी की है।




### रूस ने इस गुप्त ठिकाने पर छिपाया तबाही का जखीरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रूस। व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु ताकत रूस ने मिसाइलों और परमाणु बमों का एक विशाल नौसैनिक ठिकाना तैयार कर लिया है। आर्कटिक महासागर में बनाए गए इस अत्याधुनिक ठिकाने का सपना पुतिन ने 8 साल पहले देखा था। करीब 6500 परमाणु रखने वाले रूस ने ओकोलनाया बे पूरी दुनिया को तबाह करने के लिए हथियारों का जखीरा छिपा रखा है। पुतिन के फैसले का नतीजा यह हुआ कि आठ साल बाद कोला प्रायद्वीप की तस्वीर पूरी तरह बदल गई। उपग्रह से मिली तस्वीरों से इसका खुलासा हुआ है।

## हर्ड इम्यूनिटी से इसलिए बेहतर होगा कोरोना वेक्सीन पर भरोसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। दुनियाभर में कोरोना वायरस की चपेट में 3,740,583 लोग आ चुके हैं और 258,481 लोगों की मौत हो चुकी है। इसकी रोकथाम और इलाज के तरीकों की तेजी से खोज की जा रही है। बड़ी संख्या में एक्सपर्ट्स हर्ड इम्यूनिटी यानी सामूहिक रोग प्रतिरोधक क्षमता की थिअरी भी दे रहे हैं। भारत में भी जिस तरह से ग्रीन जोन्स में नियमों में ढील दी जा रही है, कहा जा रहा है कि यहां भी हर्ड इम्यूनिटी का टेस्ट हो रहा है। हालांकि, कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह तरीका प्रभावी नहीं बल्कि खतरनाक है। अमेरिका के मैरीलैंड के डॉक्टर

**भारत में ग्रीन जोन में भी हर्ड इम्यूनिटी का टेस्ट हो रहा है**

फहीम यूनुस ने बताया है कि क्यों हर्ड इम्यूनिटी खतरनाक हो सकती है। डॉ. फहीम का कहना है कि अगर देश की दो तिहाई आबादी को इन्फेक्ट किया गया तो यह संख्या 20 करोड़ पहुंच जाएगी। इनमें से अगर 1 प्रतिशत लोगों की भी मौत हुई तो 20 लाख हो जाएगा। अगर 15 प्रतिशत लोग गंभीर हालात में पहुंच गए तो यह 3 करोड़ हो जाएगा। अमेरिका के बारे में जताई गई यह आशंका भारत की आबादी को देखते हुए भी मालूम पड़ती है।

**इसलिए बेहतर है वैक्सीन**

उनका कहना है कि लोगों को वैक्सीन के लिए इंतजार करना चाहिए। म्यूटेशन की स्थिति में वैक्सीन कितनी असरदार होगी, इस पर डॉक्टर फहीम ने साफ किया कि म्यूटेशन के बावजूद ऐसी संभावना है कि 2021 तक कोविड–19 के लिए एक से ज्यादा वैक्सीन बना ली जाएंगी। 100 से ज्यादा और 4 अलग–अलग टाइप की वैक्सीनों पर रीसर्च की जा रही है और काफी संभावना है कि सफलता मिल जाएगी। फहीम ने यह भी कहा कि ज्यादातर म्यूटेशन्स का कोई असर नहीं होता है।

बता दें कि इजरायल और इटली ने दावा किया है कि उन्होंने वैक्सीन बना ली है।

## प्रेमिका से मिलने पर ब्रिटिश वैज्ञानिक को देना पड़ा इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोविड–19 महामारी के बीच ब्रिटेन के टॉप कोरोना साइंटिस्ट को गर्लफ्रेंड से मिलना भारी पड़ गया और उन्हें इस्तीफा देना पड़ गया है। ब्रिटिश साइंटिस्ट नील फर्गसन ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए तत्काल लॉकडाउन लगाने की सलाह दी थी। कोरोना से लड़ने के लिए दुनिया को सोशल डिस्टेंसिंग की सलाह देने वाले नील ने अपने घर में शादीशुदा गर्लफ्रेंड को आने की अनुमति दी। ब्रिटिश अखबार द टेलिग्राफ के मुताबिक लॉकडाउन के नियमों को तोड़ने के कारण अब उन्हें इस्तीफा देना पड़ा है। बताया जाता है कि नील की गर्लफ्रेंड शादीशुदा है और वह अपने पति तथा बच्चों के साथ एक अन्य घर में रहती है। महामारी फैलाने वाले रोगों के विशेषज्ञ नील लंदन के इंपीरियल कॉलेज में कंप्यूटर आधारित मॉडल बनाने वाली टीम के अगुवा थे। इसी मॉडल के आधार पर ब्रिटेन में लॉकडाउन लगाया गया था। नील और उनकी टीम ने दावा किया था कि अगर लॉकडाउन नहीं लगाया गया तो ब्रिटेन में 5 लाख लोगों की मौत हो सकती है।